ट्रान्सर्पोट एवम् ट्रावेल्स प्रभाग द्वारा आध्यात्मिक्ता द्वारा सुरक्षा विषय को लेकर गुजरात के क्षेत्रिय स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

सुख शांति भवन, अमदाबाद :- ब्रह्माकुमारीज और ट्रान्सपोर्ट एवम् ट्रावेल्स प्रभाग द्वारा अहमदाबाद ऐयरपोर्ट स्थित लोटस हाउस में गुजरात के क्षेत्रिय स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्धाटन सत्र में ब्रह्माकुमारीज गुजरात के क्षेत्रिय संचालिका राजयोगीनी सरलादीदी, ट्रान्सर्पोट एवम् ट्रावेल्स प्रभाग के राष्ट्रीय संयोजीका ब्रह्माकुमारी दिव्यप्रभा बहन, कार्यक्रम के मुखय महेमान अहमदाबाद म्युनीसीपल ट्रान्सपोर्ट कॉरपोरेशन के चेयरमेन भ्राता बाबुभाई झडपीया, अतिथी विशेष अहमदाबाद शहर के ट्राफिक D.S.P भ्राता दिनेशभाई परमार (I.P.S.), वेर्स्टन रेल्वे के चीफ डिवीझन सेईफटी ऑफिसर भ्राता एस.टी. राठोड, ऑल इन्डिया रेडियो के न्युज एडिटर भ्राता अजय इन्द्रेकर एवम् अन्य महेमानों के करकमलों से मंगल दिप प्रज्जवलीत करते उद्धाटन सत्र से प्रशिक्षण कार्यक्रम को विधीवत शुरु किया ।

कार्यक्रम के शुंभारभ में प्रशिक्षण का लक्ष्य और उद्देश्य ब्र. कु. कविता बहन ने बताया। मुख्य अतिथी भ्राता बाबुभाई झडपीया अहमदाबाद म्युनीसीपल ट्रान्सपोर्ट कॉरपोरेशन के चेयरमेनने कहा कि - ब्रह्माकुमारीज संस्था आज परिवहन के क्षेत्र में हमारा कार्य कर रही है, यह विस्मय की बात है। आज परिवहन अर्थात् एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना यह नहीं है किन्तु सही समय पर सुरक्षा से पहुंचना, आज सुरक्षा की सभी को आवश्यकता है। भ्राता दिनेशभाई परमार (I.P.S.) अहमदाबाद शहर के ट्राफिक D.S.P ने कहा कि - ट्राफिक की समस्या सुलझाना हमारा कार्य है, किन्तु ट्राफिक के साथ सुरक्षा महत्वपूर्ण है। आज सही सुरक्षा की जानकारी की कमी के कारण अकस्मात की संभावना बढ जाती है। ब्रह्माकुमारीझ के क्षेत्रिय संचालिका राजयोगीनी सरला दीदीजी ने आर्शिवचन देते हुये कहा कि - आज परिवहन के क्षेत्र में स्वयं की सुरक्षा की आवश्यकता महेसूस हो रही है। स्वयं की सुरक्षा के लिये ध्यानाभ्यास वर्तमान समय में आवश्यक बन गया है। राष्ट्रीय संयोजीका ब्रह्माकुमारी दिव्यप्रभा बहन ने कहा कि - आज आध्यात्मिकता द्वारा सुरक्षा के लिये मन का संतुलन आवश्यक है, आज पारीवारीक जिम्मेवारी, बढती महेंगाई, शारीरिक बिमारीयाँ और तनाव के कारण मानव आध्यात्मिकता की आवश्यकता को पूर्ण करने ब्रह्माकुमारीज द्वारा सीखाया जा रहा राजयोग सराहनीय है। वेर्स्टन रेल्वे के चीफ डिवीझन सेईफटी ऑफिसर भ्राता एस.टी. राठोड ने कहा कि - रेल्वे में अब अकस्मात कम हो रहा है, किन्तु इस प्रकार का प्रशिक्षण हम रेल्वे के कर्मचारीयों के लिये भी स्वीकार करते है।

इस शुभ अवसर पर समग्र गुजरात राज्य के 85 भाई-बहनोंने बडे उमंग उत्साह से पूरे दिन चलने वाली ट्रेनिंग में हिस्सा लिया। प्रशिक्षण देने हेतु मुंबई से पधारी ब्र. कु. स्नेहा बहन और ब्र. कु. कविता बहन की विविधा सभर ओर रचनात्मक प्रशिक्षण जैसे की लेकचरर्स, विडीयो शॉ, क्वीझ एवम् फीडबेक सेशन से सभी लाभांवित हुये। कार्यक्रम के अंत में सभीने अपने अपने क्षेत्र में इस प्रकार सेवा करने का संकल्प कीया। इस कार्यक्रम का आकाशवाणी केन्द्र द्वारा समाचार प्रसारीत हुए ।